डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण



दैनिक

पटना, 15 अप्रैल, शनिवार, 2023

# बाबा साहेब के आर्शीवाद से हम सदा लोकतंत्र की रक्षा करते रहेंगे



**आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री मल्लिकार्जून खड़गे ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की**

# डा0 अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की संरचना कर अद्वितीय कार्य किये

पटना । कांग्रेस दर्पण

**पटना।**भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेव डा0 भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयन्ती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी ने की । इस अवसर पर पूर्व मंत्री संजीव प्रसाद टोनी ने कहा कि डा0 अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की संरचना कर अद्वितीय कार्य किये है। डा0 अम्बेडकर हमेशा देश के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उनकी विचार धारा का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश में जब पंडित जवाहर लाल नेहरू के मंत्रिमंडल का गठन हुआ, उस समय डा0 भीमराव अम्बेडकर को कांग्रेस का सदस्य नहीं होने के बाबजूद उन्हें देश का विधि मंत्री बनाया गया। उन्होंने कहा कि संविधान के निर्माण में डा0 अम्बेडकर के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है तथा आज कृतज्ञ राष्ट्र उनकी स्मृति को शत–शत नमन करती है।



इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, नरेन्द्र कुमार, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, डा0 हरखू झा, लाल बाबू लाल, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, आलोक हर्ष, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, प्रमोद कुमार सिंह, आनन्द माधव, कमलदेव नारायण शुक्ला, शशिकांत तिवारी, आसिफ गफूर, संजीव कुमार कर्मवीर, शंकर स्वरूप, अरविन्द लाल रजक, कुमार आशीष, शशि रंजन, आशुतोष शर्मा, राज किशोर सिंह, उदय शंकर पटेल, मृणाल अनामय, संजय कुमार पाण्डेय, वैद्यनाथ शर्मा, अनूप कुमार, मोहन शर्मा, निधि पाण्डेय, रूमा सिंह, रेणु सिंह, पंकज यादव, अजय कुमार पासवान, निरंजन कुमार, प्रियंका सिंह, खुशबू कुमारी, प्रमोद राय, वसीम अहमद, सत्येन्द्र कुमार, नलिनी रंजन झा , राजेंद्र चौधरी, शैलेन्द्र चौधरी, गोरखनाथ सहित अन्य कांग्रेसजनों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**राजेश राठौड़, चेयरमैन, मीडिया विभाग**
**बिहार कांग्रेस**

# महात्मा गांधी जी के साथ आजादी की लड़ाई में साथ रहे बाबा साहब

पटना । कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 14/04/2023 दिन शुक्रवार को गया जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजेन्द्र आश्रम के सभागार में भारत के महान् स्वतंत्रता सेनानी संविधान रचैता बावा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती 11=30बजे दिन में मनाई गई।

ईस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री चंद्रिका प्रसाद यादव जी ने किये।

सर्व प्रथम अध्यक्ष जी के द्वारा उनके चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए और उनके जीवन चरित्र पर विस्तृत चर्चा किए। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारी गण बारी बारी से पुष्प माला चढ़ाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके जीवन चरित्र पर अपने अपने विचार रखे।

ये देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और महात्मा गांधी जी के साथ आजादी की लड़ाई में साथ रहे। ये पढ़ाई लिखाई में अद्भुत क्षमता बाले व्यक्तियों में से एक थे। ये प्रकांड विद्वान के साथ कानून वेता थे। उनके पिता जी ब्रिटिश सरकार में फौज में पदाधिकारी थे ।उनका जन्म उज्जैन के महो गांव में फौजी कैंटोनमेंट में हुआ था जो आज उनका स्मारक के रूप में है। भारत बर्ष की आजादी के बाद भारत सरकार में प्रथम कानून मंत्री बने। उन्होंने भारत के संविधान को बनाकर प्रजातांत्रिक व्यवस्था देश को देकर अजर अमर हुए। उनके द्वारा रचित संविधान से भारत की व्यवस्था आज भी सुचारू रूप से चलाई जा रही है चाहे सरकार किसी भी दल या पार्टी का हो। सरकार संविधान के माध्यम से ही चलाईं जाती है। अंत में उन्होंने हिंदू धर्म छोड़कर वौद्ध धर्म अपनाएं थे। ये ब्राह्मण वादी ब्यवस्था से खिन्न होकर वौद्ध धर्म अपनाएं थे।

ईस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी के साथ युगल किशोर सिंह, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र निराला, मोहम्मद खैरूदीन, दामोदर गोस्वामी, बावुलाल प्रसाद सिंह, बवलू शर्मा, जगदीश प्रसाद यादव, रामसेवक कुशवाहा, बिजय कुमार मिठु, रामप्रमोद सिंह, कमलेश चंद्र वंशी, शिवकुमार चौरसिया, रणजीत सिंह, लब्बी सिंह, रामसेवक गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, शिवकुमार चौरसिया, नबाव अली खान, मोहम्मद अजहरुद्दीन, बिपीन सिंहा, विशाल कुमार, शशिकांत सिंहा, जितेन्द्र यादव आदि शामिल हुए।

चंद्रिका प्रसाद यादव
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गया।




# एक संगोष्ठि का आयोजन हुआ



**दरभंगा :14,अप्रैल।** भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 132वी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को ज़िला कांग्रेस कार्यालय बलभद्रपुर मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर एक संगोष्ठि का आयोजन हुआ. जिसकी अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी ने केंद्र की वर्तमान सरकार पर बाबा साहेब के संविधान के खिलाफ़ काम करने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहेब के संविधान को तार–तार करने की चेष्टा की जा रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर आई नोथांबम कल्पना ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है .उपाध्यक्ष रामपुकार चौधरी ने कहा कि आज जरूरत है कि हम सब को मिलकर भारतीय लोकतंत्र एवं संविधान को बचाना होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह ज़िला प्रवक्ता मो. असलम ~इस मौके पर नेताओं ने कांग्रेस सांसद श्री राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द किए जाने को अलोकतांत्रिक बताया और कहा कि मोदी सरकार अपने उद्योगपति मित्र गौतम अडानी के हाथों देश को बेचने का काम कर रही है। संगोष्ठी को, प्रदेश प्रतिनिधि मनोज झा, रतिकांत झा, पीसीसी सदस्य दयानंद पासवान, ज़िला महासचिव सुशील कुमार सिंह, मो. चांद, मनोज कुमार भारती, मो. नसीम हैदर, डॉ. सुरेश राम, जयंत झा,प्रो.मिथिलेश यादव, विशाल महतो,बसंत झा, बिमलेंदु ठाकुर आदि नेताओं ने भी संबोधित किया।

# डा भीमराव राम जी अम्बेडकर के 132 वीं जन्म जयंती के अवसर पर उनके मूर्ति पर माल्यापर्ण

पटना। कांग्रेस दर्पण

मुजफ्फरपुर, मीनापुर आज दिनांक 14 अप्रैल 2023 शुक्रवार को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अजित कुमार सिन्हा जी के अध्यक्षता मे देश के प्रथम कानून मंत्री, सामाजिक समरसता एवं समानता के संवाहक व भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि, न्याय एवं श्रम मन्त्री, देश के करोड़ों- करोड़ शोषित-पीड़ित, दलित, दबे-कुचले, मजलूम, सताए लोंगों के मसीहा, नारी समाज के मुक्तिदाता, भारतीय संविधान के रचयिता, भारत रत्न से सम्मानित डा भीमराव राम जी अम्बेडकर के 132 वीं जन्म जयंती के अवसर पर मीनापुर के मानिकपुर चौक स्थित उनकी आदम कद प्रतीमा पर कांग्रेसी नेताओं के द्वारा पुष्प और माल्यार्पण अर्पित किया गया।इस अवसर पर श्री सिन्हा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा



करते हुए बताया कि डा अंबेडकर साहब समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया। वे भारतीय संविधान के रचयिता थे। उन्होंने न केवल पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि यह एक अच्छे समाज सुधारक भी थे, जिन्होंने पक्षपात और जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई, उनका कहना था कि मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता, और भाईचारा सिखाता है। बाबा साहेब को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।आज बाबा साहब की जयंती के मौके पर सारा देश उन्हें नमन कर रहा है।बाबा भीमराव राम जी अंबेडकर साहब के जन्म जयंती के अवसर पर श्रधांजलि देने बालो मे बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि लोक क्रान्ति यादव,प्रखण्ड अध्यक्ष अजित कुमार सिन्हा,प्रखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र कूमार पंडित, कांग्रेसी नेता राधे कृष्ण पटेल, सैयद अशगर ईमाम,रविशंकर राय, प्रेम लाल राय,नबल राय, सतार अंसारी, विजय कुमार, रहमत खान, अरुण राम, भोला राम, आदि दर्जनों नेता उपस्थित थे।



**आज दिनांक 14 अप्रैल को राजेंद्र आश्रम धनेश्वर घाट बिहार शरीफ मे युवा कांग्रेस नालंदा ने बाबा भीम राव अंबेडकर जयंती मनाई ,इस अवसर पर नालंदा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेकानंद जी,बिहार शरीफ युवा अध्यक्ष इंजीनियर टीपू,हरनौत युवा अध्यक्ष पुरशुत्तम कुमार, जितेन्द्र कुमार,अर्जुन कुमार,अभिजीत कुमार,अमरजीत कुमार,अमन खान,अनुग्रह प्रसाद, देवानंद जी, रोहित कुमार,और भी कई युवा कार्यकर्ता मौजुद थे**




**पुराना कांग्रेस कार्यालय स्थित झरिया नगर कांग्रेस द्वारा आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम में भाग लिया साथ में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष श्री अजय दुबे जोगिंदर सिंह जोगी नवनीत नीरज लक्ष्मण तिवारी दिनेश सिंह एनएसयूआई के अध्यक्ष चौधरी जी कमला कुमारी सुनीता कुमारी मधुसूदन सिंह चौधरी शहित सैकड़ों कांग्रेस के जुझारु साथियों ने भाग लिया**

# बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ति मनाई गई



पटना। कांग्रेस दर्पण

मां कमला चंद्रिका जी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के तत्वावधान में शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ति सिद्धार्थ टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में मनाई गई। इस दौरान बाबा साहब के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनकी सरपरस्ती में देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जाने माने शिक्षाविद् एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहब ने कभी आम चुनाव नहीं जीता। लेकिन उनका व्यक्तित्व और ज्ञानशीलता के कारण पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें अपने प्रमुख सहयोगी के रूप में मंत्रिमंडल में शामिल किया और वे देश के पहले कानून मंत्री बने। इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल तमाम वक्ताओं ने बाबा साहब को याद करते हुए अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में सिद्धार्थ टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार, रंजन कुमार, साईं कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव प्रो. चंद्रप्रकाश एवं प्राचार्य डॉ. उपेंद्र कुमार, मां कमला टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव डॉ संजय कुमार और प्राचार्य डॉ जयकांत कुमार,राय बहादुर बीएड कॉलेज के प्रो रंजन यादव समेत कांग्रेस नेता शिशिर कौण्डिल्य, राज छवि राज,हेमंत यादव,प्रो मंजरेटर सिंह, प्रो रामानंद यादव, डॉ गिरिजा प्रसाद चंद्रवंशी, बबलू शर्मा, योगेंद्र प्रसाद, चंदन कुमार, साधु शरण यादव और रवि कुमार आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल थे।।

# 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती मनाई गई

पटना । कांग्रेस दर्पण

**पटना।** आज दिनांक 14-4-2023 को कांग्रेस भवन बेगूसराय में बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष श्री रामस्वरूप पासवान के अध्यक्षता में संविधान निर्माता 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती मनाई गई।इस जयंती समारोह में कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैलीय चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व को याद किया गया।इस दौरान जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष डॉ रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 14 अप्रैल को जयंती मनाई जाती है।डॉ.आंबेडकर को भारतीय संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। उनकी भूमिका संविधान निर्माण में तो अतुल्य थी ही, साथ ही दलित समाज के उत्थान में भी महत्वपूर्ण रही। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक गांव में हुआ था। उस दौर में उन्हें आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। बेहद विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करने वाले बाबा साहेब ने स्कूल में भी भेदभाव का सामना किया। डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष और सफलता की कहानी सभी के लिए प्रेरणा है। उनके विचार महिलाओं को पुरुषों के बराबर, अल्पसंख्यकों और गरीबों को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं।




साथ ही नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व वार्ड पार्षद श्री ब्रजेश कुमार प्रिंस ने कहा कि आज सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती है। डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। बाबा साहेब की जयंती को पूरे देश में लोग उत्साह से मनाते हैं। भारत रत्न अम्बेडकर पूरा जीवन संघर्ष करते रहे । भेदभाव का सामना करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। आजादी की लडाई में शामिल हुए और स्वतन्त्र भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने पिछड़े और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया।

इस कार्यक्रम में जिला महासचिव सावर कुमार, बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य जयप्रकाश गुप्ता, कुमार रत्नेश टुल्लू, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल कुमार, दिनेश प्रसाद, आईटी सेल अध्यक्ष कुशमेश कुमार, प्रदेश महासचिव मोहित सिंह, युवा कांग्रेस महासचिव राघव कुमार राजीव रंजन सिंह, सुबोध कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अशोक कुमार सिंह, विनोद महत्व, शिवेंद्र कुमार, विकास झा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के 132 जयंती वार्ड 69 के कार्यालय में मनाई गई जिसकी अध्यक्षता चौक-मालसलामी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अभय कुमार जयसवाल ने की कार्यक्रम का संचालन वार्ड 69 के पार्षद मनोज मेहता ने की सभा में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कसेरा पटना महानगर ओबीसी के अध्यक्ष राजेश यादव ,यश्लोक विद्यार्थी ,बलराम यादव ,मनीष गौतम ,सुभाष मेहता ,अरविंद प्रसाद ,मुन्ना प्रसाद ,विजय प्रसाद ,जितेंद्र कुमार ,रवि रंजन जी ,पप्पू गुप्ता ,सुनील पासवान आदि मौजूद होकर बाबासाहेब को पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया




बलिया प्रखंड मे धूमधाम से मनाई गईं संबिधान निर्माता डाङ्क भीम राव अम्बेडकरजी की जयंती इस अवसर पर कई दलों और कई समाजिक संस्थान से जुड़े लोगो ने बलिया प्रखंड कार्यालय स्थित स्थापित बाबा साहव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संबिधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित क्या श्रद्धांजलि अर्पित करनेबाले नेताओं मे बलिया कांग्रेस के नेता राकेश सिंह नवीन सिन्हा प्रेम कुमार मिश्र गंगा महतो बाल्मीकि शाह छैदी महतो सहित दर्जनों लोग शामिल थे वही डंडारी प्रखंड मे भी धूमधाम से मनाई गई संबिधान निर्माता बाबा साहव भीम राव अम्बेडकर की जयंती बाक पंचायत मे कांग्रेस नेता मोहम्मद दानिस के अध्यक्षता मे बाबा साहव की जयंती मनाई गई जिसमे चुनचुन यादव सहित दर्जनों लोग शामिल हुए

# बाबा साहब के जयंती पर कांग्रेस ने चलाया जय भारत सत्याग्रह आंदोलन

पटना। कांग्रेस दर्पण

**बलिया बेगूसराय।** देश रत्न डाक्ट बी आर अम्बेडकर जयंती के दिन बलिया कांग्रेस के दक्षणी मंडल के अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा के अध्यक्षता मे आज बलिया प्रखंड क्षेत्र के भगतपुर पंचायत मे कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह आंदोलन अभियान के तहत चलाया संबिधान लोकतंत्र बचाओ अभियान पीएम मोदी का पुतला दहन कर प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया भारत के संबिधान और लोकतंत्र की हत्या का आरोप इस अवसर पर बिधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रतियाशी सह बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा आज भारत के लोगो को इंसाफ नहीं मिल रहा है लगातार देश के संबिधान से छेड़छाड़ क्या जा रहा है लोगो के अधिकार को छीनी जा रही है लोकतंत्र की लगातार हत्या हो हो रहा है सांसद मे राहुल गाँधीजी को बोलने नहीं दिया जा रहा है लोकतंत्र की हत्या कर राहुल गाँधी की सदस्यता छीन ली गई देश को मोदी अपने मित्र अडानी के यहाँ बेच



रहे है आज देश पर बस कुछ लोगो की कब्ज़ा हो गई है जिस कारण देश मे बेरोजगारी महगाई बढ़ रही है लोगो की नौकरी छीनी जा रही है और लगातार देश के भाईचारा को तहस नहस क्या जा रहा है हम कांग्रेस कार्यकर्ता तब भी तानाशाह अंग्रेजी हुकूमत से लड़कर मरकर जेल जाकर देश को आजाद कराया था और देश को संबिधान और लोकतंत्र दिया था आज भी हम कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस और राहुल गाँधीजी के नेतृत्व मे संघर्ष कर भाजपा सरकार के तानाशाही के कारण हो रही संबिधान और लोकतंत्र की हत्या को रोकेंगे भी और देश को इन देश बिरोधी ताकत से मुक्त भी कराएंगे अंजाम जो भी हो संघर्ष जारी रहेगा आज के कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह आंदोलन मे बरिष्ठ कांग्रेस नेता जय प्रकाश गुप्ता नवीन कुमार सिन्हा गंगा महतो चंद्रशेखर पासबान शाखा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता धर्मदेव चौधरी रंजीत कुमार ललन सिंह रमाकांत सिंह बाड सदस्य राजीव ठाकुर जीतेन्द्र नरायण सिंह मधुसूदन ठाकुर धरंजय चौधरी रमाकांत यादव बिदो यादव मुनेर रजक सतीश सिंह अंकित कुणाल दीपक दुर्गेश मुरारी गुड्डु रामाशीष सिंह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने भाग लिया



जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने का काम किया है।



कुर्था विधानसभा क्षेत्र में युवा प्रदेश महासचिव सुनील कुमार यादव जी के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह मनाया गया मौके पर नगर के त्रृषिकेश कुमार युवा राजद के मनीष यादव उर्फ छोटू रंजय कुमार सुखाडी यादव मो इस्माइल आदित्य दास आदि लोगों ने माल्यार्पण कर याद किया।

## जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने का काम किया है।



पटना। कांग्रेस दर्पण

पिछड़ा अति पिछड़ा के नेतृत्व में, आज 14 अप्रैल 2023 को भैसाही पंचायत में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के शुभ अवसर पर श्री सुजीत कुमार सोनी उपाध्यक्ष पश्चिमी चंपारण युवा कांग्रेस के सहयोग से सभा आयोजन किया गया, जिसका मुख्य अतिथि श्री जितेन्द्र राव बिहार कांग्रेस प्रदेश डेलीगेट रहे।

सभा को संबोधित करते हुए राव जी ने कहा की दलित , पिछड़ा , बांचित , अहसहय, महिला सबके लिए विकाश और उत्थान के लिए मजबूती से पहल किए। सुजीत सोनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कमजोर और पिछड़ा वर्ग को समान अधिकार दिलाने, जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। भारत में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने, समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध कर समाज में सुधार लाने का काम किया है। सभा में उपस्थित प्रदेश सचिव पिछड़ा अति पिछड़ा शेषचंद यादव जी, वरिष्ठ नेता भुनेश्वर मिश्र, नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद जिला उपाध्यक्ष मुकेश प्रसाद जी, उमेश यादव जी , दीपू सिंह जी, जय राम ठाकुर जी, जिला अध्ययक्ष मीडिया विभाग श्री स्त्रुधान साह जी, ह्रदया साह जी , धन्नू बैठा, कल्लू पारित, गोलू बैठा इत्यादि।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीतामऊ के नेतृत्व में ग्राम रावटा में मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती

पटना । कांग्रेस दर्पण



जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर के निर्देशानुसार आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीतामऊ के नेतृत्व में ग्राम रावटा में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा नियुक्त कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला महामंत्री गोविंद सिंह पंवार व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामेश्वर जामलिया की उपस्थिति में मनाई गई। कार्यक्रम के प्रभारी गोविंद सिंह पंवार ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की यह उनकी ही देन है जो आज आप और हम सब एक जाजम पर बैठे हैं, बाबा साहब ने एक समतामूलक समाज की स्थापना की, लोकतांत्रिक अधिकार दिए। कार्यक्रम के प्रभारी रामेश्वर जामलिया ने कहा कि बाबा साहब ने सभी वर्गो को ध्यान में रखकर संविधान का निर्माण किया उन्होंने कहा कि संविधान को लिखने में 2 साल 11 माह और 17 दिन लगे व एक ऐसा संविधान दिया कि हर व्यक्ति अपने अधिकार की लड़ाई लड़ सके, एक गरीब परिवार में पैदा होने के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की 7 वर्ष की आयु में ही इनकी माता का निधन हो चुका था, जिला उपाध्यक्ष ओम सिंह भाटी ने कहा कि हम सबको बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान पर चलना चाहिए संविधान को मानना चाहिए व उनके पद चिन्हों पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महेश पाटीदार ने कहा कि बाबा साहब ने सबको चुनाव लड़ने का अधिकार दिया, चाहे गरीब हो या अमीर हो सबको एक वोट डालने का अधिकार दिया। इस अवसर पर मंडलम अध्यक्ष भागीरथ मुंडला फौजी, सरपंच सुंदरलाल सुनार्थी, दिनेश परमार रावटा, पंकज टेलर मुंडला फौजी आदि ने भी बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पृथ्वीपाल सिंह लावरी, पवन शर्मा, तेजपाल सिंह महुआ, अजा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सूर्यवंशी, ब्लॉक उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह पंवार, मोहम्मद हुसैन बबलू, सेक्टर अध्यक्ष कमलेश जाट, दयाराम सूर्यवंशी, बगदीराम लोहार, सुनील पाटीदार, तरुण बारोला, जगदीश लावरी, भागीरथ धनगर लावरी, डॉक्टर कालू सिंह साखतली, मुन्नालाल रावटा, विक्रम सिंह, नागुलाल, लछुलाल, जुजार लाल, गोपाल, भंवर सिंह, अर्जुन रावटा, जगदीश, शांतिलाल, प्रभु लाल एवं कई ग्रामवासी उपस्थित थे

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पाटीदार रावटी ने किया एवं अंत में आभार श्यामलाल बामनिया रावटा ने माना।

## अंबेडकर संविधान के निर्माता ही नहीं अपितु सामाजिक समानता के प्रेरणा के श्रोत थे : डॉ व्यास



पटना । कांग्रेस दर्पण

उदयपुर, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा की अध्यक्षता और संगठन और सता के अनेक पदों पर रह चुकी पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास के मुख्य आथित्य मे पंचवटी स्थित कांग्रेस कार्यालय मे भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंति बड़े हर्ष हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनायी गयी' सर्व प्रथम सम्मानीय मुख्य अतिथि डॉ गिरिजा व्यास और अध्यक्ष गोपजी शर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि प्रदेश प्रवक्ता पंकज शर्मा ने माल्यार्पण किया इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको श्रद्धापूर्वक तहदिल से याद किया और जोरदार नारेबाजी की गयी ' इसी क्रम मे संविधान के महत्व और इसकी स्थापना की आवश्यकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ' अध्यक्ष गोपजी ने अपने ओजस्वी अंदाज मे बाबासाहेब के संविधान निर्माण मे अहम् भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला ' मुख्य अतिथि डॉ गिरिजा व्यास ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार किया

## उदयपुर में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 132 वी जयंती मनी



पटना । कांग्रेस दर्पण

उदयपुर भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की 132 वी जयंती उदयपुर कांग्रेस सेवादल की तरफ से कोर्ट चौराहा पर मनाई गई सेवादल अध्यक्ष कौशल आमेटा पार्षद मदन सिंह बाबरवाल पार्षद गौरव प्रताप सिंह के नेतृत्व में सेवादल अध्यक्ष कौशल आमेटा ने बताया की बाबा साहेब अंबेडकर साहब ने जिस प्रकार संघर्ष कर संविधान निर्माण करवाया था उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए बाबा साहेब ने सब को समान दर्जा भी दिलवाया था साथ ही आमेटा ने कहा कि उदयपुर में जिन महापुरुषों की मूर्तियां लग रही है उनकी साज सज्जा उनकी जयंती पर ही की जाती है अन्यथा उनकी मूर्ति पर कोई जाता भी नहीं है और कोई सार संभाल भी नही होती है उसका उदाहरण है उदयपुर में गुलाब बाग में स्थित महात्मा गांधी जी की मूर्ति जिस पर चश्मा भी नही है कई समय से इस पर भी प्रशासन को कार्य करना चाहिए पुष्पांजली कार्यक्रम में सेवादल के उपाध्यक्ष लाल सिंह देवड़ा सत्यनारायण जी टांक बालू सालवी सुंदर वसीटा सुरेश औदिच्य लालू राम जी गणेश शर्मा विनय शर्मा पार्षद संजय मंडवानी आदि कई कार्य करता मौजूद थे

# आम जन की अभिव्यक्ति बाबा साहेब की देन: दीपक सैनी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

शामली मे कांग्रेसियों ने मनाई बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती।

शामली जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर उनको नमन किया गया। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक सैनी ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने देश का मजबूत संविधान लिखकर हमें जीने की अभिव्यक्ति देने का काम किया। शिक्षा से लेकर सारे मूलाधिकार बाबा साहेब की देन है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा उन्हें देश के प्रथम कानून मंत्री बनाकर उन्हें सम्मान देने का काम किया गया था। कांग्रेस के द्वारा ही दलितों के लिए भूमि कानून लाया गया था किंतु वर्तमान सरकार के द्वारा उस बिल को हटा दिया गया है। डॉक्टर भीमराव



अंबेडकर जी ने कमजोर, दबे कुचले वर्गों के हकों की लडाई लडी,शिक्षा के लिए प्रेरित किया।उन्होंने समानता का अधिकार देकर दलित समाज के उत्थान के लिए प्रयास किए। विश्व में सबसे मजबूत संविधान बाबा भीमराव अंबेडकर की देन है। देश उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए सदैव ऋणी रहेगा। दीपक सैनी शामली कांग्रेस जिलाध्यक्ष, प्रदुमण तोमर जिला उपाध्यक्ष,सीमा जाटव जिला उपाध्यक्ष, रेखा चोहान कावि , अनुज गोतम नगर अध्यक्ष शामली,योगेश भारद्वाज जिला महासचिव, शैखरपाल प्रदेश महासचिव पिछड़ा, अरविंद झझोट जिला सचिव,गयुर कुड़ाना ब्लाक अध्यक्ष शामली, महिपाल शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी, संदीप शर्मा जिला सचिव, आदेश कश्यप प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा, रिहान कुरेशी जिला सचिव, अरुण झझोट, सागर चोधरी, विवेक चोधरी, अरुण जाटव ,विनोद कुमार, रामपाल पांचाल, विनोद सेन, आदि मौजूद रहे ।

## जयंति मनी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज गढ़पुरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आभास कुमार झा जी के द्वारामध्य विद्यालय कुम्हारसो मैं देश के संविधान निर्माता आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबासाहेबडॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 132 वां जयंती मनाया गया आज के इस जयंती कार्यक्रम विद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं प्यारे बच्चों की उपस्थिति में मनाया गया कार्यक्रम के दौरान प्रखंड अध्यक्ष आभाष झा के द्वारा बच्चों के बीच टॉफी एवं पुरस्कार वितरण की गई आज के इस कार्यक्रम में कांग्रेस के गढ़पुरा मंडल अध्यक्षआशीष कुमार,मनोहर राय,सुबोध राय, जितेंद्र कुमार,महिला कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गायत्री देवी,विद्यालय प्रधान नवल किशोर मुखिया, शिक्षक पंकज सिंह, राजेश सिंह,आलोक कुमार, अमन चौधरी,अंशुमाला, पूनम कुमारी, रीता कुमारी, रूबी कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

---

आज देहरादून में कई दशकों से प्रमुख तौर पर बनाई जाने वाली अंबेडकर जयंती की शोभायात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला। कांग्रेस परिवार की ओर से मेरे साथी वरिष्ठ नेता भाई लालचंद शर्मा प्रवीण त्यागी टीटू यूथ कांग्रेस आर एन एस यू आई के सैकड़ों साथियों ने हमारे साथ इस भव्य शोभायात्रा में भाग लिया। सबसे बड़ी खुशी की बात रही सभी वर्ग समुदाय के लोगों ने डॉक्टर अंबेडकर के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित करते हुए सामाजिक सौहार्द और एकता का परिचय दिया।



# एन सी ई आर टी किताबों से इतिहास मिटाना , भारत के इंटेलिजेंसीया से खिलवाड़ कांग्रेस






**पटना । कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, विपिन बिहारी सिन्हा, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, मो समद, असरफ इमाम, मौलाना आफताब आलम, प्रो डा अनिल कुमार सिन्हा, डा मदन कुमार सिन्हा, आदि ने कहा की आज देश की सत्ता पर बैठे लोग इतिहास बनाने के बजाय इतिहास मिटाने का काम करने में मशगूल है।

नेताओ ने कहा की आज भारत के छात्र, युवा विश्व स्तर पर अपने इंटेलिजिएंसी का लोहा मनवाते हुए, नए, नए कीर्तिमान किए है, हमारे देश में एन सी ई आर टी की कक्षा 06 से ( 10+2 ) तक की सभी किताबें एक ग्रुप्स ऑफ ऑथर्स द्वारा लिखी गई ऐसी पुस्तकें है जिन्हे पढ़ कर देश के सर्वोच्च परीक्षा यू पी एस सी सहित विश्व स्तरीय सभी पढ़ाई, लिखाई, प्रतिस्पर्धी में हमारे देश के छात्र, युवा अव्वल आ रहे है।

इतिहास त्याग, बलिदान, का लिखा जाता है , सुख, सुविधा की नहीं। आज एन सी ई आर टी की किताबो से संविधान सभा की अध्यक्षता करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरु, डा राजेंद्र प्रसाद, डा भीमराव अम्बेडकर के नाम , संविधान सभा के सदस्य के रूप में रहे देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद के नाम को 11 वीं एवम् 12 वीं की किताबो से क्यों विलोपित किया गया ? नेताओ ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्री से विनम्र आग्रह किया।

# बच्चों के बीच टॉफी एवं पुरस्कार वितरण की गई आज



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज गढ़पुरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आभास कुमार झा जी के द्वारामध्य विद्यालय कुम्हारसो मैं देश के संविधान निर्माता आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबासाहेबडॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 132 वां जयंती मनाया गया आज के इस जयंती कार्यक्रम विद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं प्यारे बच्चों की उपस्थिति में मनाया गया कार्यक्रम के दौरान प्रखंड अध्यक्ष आभाष झा के द्वारा बच्चों के बीच टॉफी एवं पुरस्कार वितरण की गई आज के इस कार्यक्रम में कांग्रेस के गढ़पुरा मंडल अध्यक्षआशीष कुमार,मनोहर राय,सुबोध राय, जितेंद्र कुमार,महिला कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गायत्री देवी,विद्यालय प्रधान नवल किशोर मुखिया, शिक्षक पंकज सिंह, राजेश सिंह,आलोक कुमार, अमन चौधरी,अंशुमाला, पूनम कुमारी, रीता कुमारी, रूबी कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

# सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम में संविधान निर्माता, दलितों के मसीहा, मानवाधिकार आंदोलन के प्रणेता, नेहरू मंत्रिमंडल में कानून मंत्री रहे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो.अफाक खान, रकटू प्रसाद, प्रमोद कुमार नील, संजय कुमार बिररख, रितेश रमण सिंह, शम्स शाहनवाज़, डॉ.राजीव कुमार काजू, जिला पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो.रंजीत गुप्ता, बीरेंद्र राम, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, आलोक राठौर, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहन कुमार ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान द्वारा स्थापित मूल्यों की सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा लगातार अवहेलना हो रही है। निरंकुश शासन के खिलाफ जननायक राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। बाबा साहेब के आदर्शों की रक्षा हेतु हम संकल्पित हैं। मौके पर मनोज सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, हैदर अंसारी, भगवान यादव, राहुल रमेश, डॉ.अजय कुमार, सोहन दास, अख्तर रजा खान, रंजीत साह, कुंदन कुमार, धीरज सिंह, राजीव कुमार कुशवाहा, राम कैलाश प्रसाद, सियाराम प्रसाद, चंदन गुप्ता, गुलशन मिश्रा, बिमलेश कुमार, दिलकश खान, अभिषेक सिंह, राघव मिश्रा, अरुण कुमार वर्मा, मुश्ताक सरवर, शेख गुलाब, सुंदरम पाठक, अजय यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।



आज दिनांक 14 अप्रैल 2023 को जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय चांदपुर इंडस्ट्रियल इस्टेट में दलितों, पिछड़ों, वंचितों, शोषितों के मसीहा, महान समाज सुधारक, भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कोटि–कोटि नमन करते हुए प्रांतीय अध्यक्ष मननीय अजय राय जी, प्रदेश महासचिव श्री देवेन्द्र सिंह जी, प्रदेश सचिव श्री कमलेश ओझा जी, व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्वी जोन के अध्यक्ष श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता जी। राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई), अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी




कल दिनांक 15/04/2023 को खगड़िया जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस द्वारा 'पोस्टकार्ड कैंपेन : जवाब दो मोदी जी शाम 04 बजे लगाया जाएगा। हमारे राष्ट्रीय प्रभारी आदरणीय कृष्णा अल्लावारु जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्रीनिवास बी वी जी, बिहार प्रभारी आदरणीय राजेश सिन्हा सत्री जी एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय शिव प्रकाश गरीबदास जी के निर्देश पर युवा कांग्रेस के प्रत्येक साथी को पोस्टकार्ड कैंप जवाब दो मोदी जी में चढ़कर हिस्सा लेना है! खगड़िया जिला युवा कांग्रेस के सभी उपाध्यक्ष गण एवं युवा के सभी विधानसभा अध्यक्ष गण से अनुरोध है कि कल कांग्रेस कार्यालय में अपना उपस्थिति सुनिश्चित करें। युवा के सभी विधानसभा अध्यक्ष पोस्टकार्ड जिला कार्यालय से ले जाए। और अपने विधानसभा क्षेत्र में कैंप लगाकर पोस्ट कार्ड को भड़ कर 5 दिन के अंदर जिला कार्यालय में जमा कर दें।



**भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती पर उन्हें कोटि–कोटि नमन ?**

**ब्लॉक सयोजक सोशल मीडिया, हाथ से हाथ जोड़ो अभियानसुमेरपुर**



आज दिनांक 14 अप्रैल 2023 को लम्बी बीमारी के बाद स्वस्थ हो रहे किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री आलोक पांडेय जी के आवास सरवनपुर में पहुंच कर स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए, इस मौके पर प्रदेश महासचिव श्री देवेन्द्र सिंह जी, प्रदेश सचिव श्री कमलेश ओझा जी, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री शिव शंकर मौर्या जी, न्याय पंचायत अध्यक्ष श्री मदन लाल गोंड आदि लोग उपस्थित थे। राजेश्वर सिंह पटेल (राजेश भाई)      अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी

# बाबा साहब निर्मित संविधान के बल ही भारत विश्वगुरुबनने के मार्ग पर है अग्रसरः प्रधानाचार्य, प्रो. मो. रहमतुल्लाह



पटना । कांग्रेस दर्पण

**लनामिवि दरभंगाः** आज दिनांक 14 अप्रैल 2023 को स्थानीय महारानी कल्याणी महाविद्यालय, लहेरियासराय, दरभंगा में प्रधानाचार्य प्रो. मो. रहमतुल्लाह की अध्यक्षता में पूरे हर्षोल्लास के साथ अंबेडकर जयंती मनाया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य प्रो. मो. रहमतुल्लाह ने कहा कि राष्ट्र आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मना रहा है। बाबा साहब समाज के दबे–कुचले, शोषित व पीड़ित समाज की आवाज माने जाते थे। आज बाबा साहब के द्वारा दी गयी संविधान ही भारत को विश्व पटल पर अतुलनीय स्थान दिला रहा है। भारत की संविधान अपने विविधताओं से भरा हुआ है। उसका यही गुण एक दिन भारत को विश्व गुरु बनाएगा। जिस पर वो अग्रसर है। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी और जो इसे मिटाने की सोचे इतिहास गवाह है कि वो खुद मिट गया और हिंदुस्तान विश्व पटल पर उभरता चला गया। अगर बाबा साहब न होते तो इसकी कल्पना करना मुश्किल हो जाता। वो तो बाबा साहब की दूर दृष्टि थी कि हिंदुस्तान को एक ऐसा संविधान समर्पित किया जो कि अब्राहम लिंकन द्वारा दी गई लाइन जनता का, जनता के लिये और जनता के द्वारा को हिंदुस्तान के संविधान में स्वर्णाक्षरों में उकेड़ दिया। आईये हम सब मिलकर आज शपथ लें कि सामाजिक स्तर पर किसी भी प्रकार का न कोई भेदभाव व विभेद करेंगे। हम महाविद्यालय परिवार इस मौके पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि देते हैं।

पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. परवेज अख्तर ने कहा कि बिना लोकतंत्र की स्थापना के कोई भी तंत्र की बात करना बेमानी होगा। 26 जनवरी 1950 को भारत में संविधान लागू होने के साथ भारत में गणतंत्र स्थापित हो गया। गणतंत्र मतलब एक ऐसा तंत्र जहां जनता अपनी आवाज को स्वयं चुनेगा। संविधान का अर्थ ही होता है समान विधान। ऐसा विधान जो सबों पर एक समान लागू होता हो। जो वजीर और प्यादा में कभी विभेद नहीं करता हो बल्कि सबों को अपनी बात रखने की पूरी आजादी देता हो। जिसका सारा श्रेय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को जाता है। बाबा साहब के प्रति आज सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि बाबा साहब के बताएं मार्गों पर हम सब चलें और उन्हें अनुसरण करें और सामाजिक स्तर पर कतई कोई भेदभाव न करें।

महाविद्यालय के बर्सर डॉ. शम्से आलम ने कहा कि आज भारत सर्वधर्म समभाव के लिये पूरे विश्व में जाना जाता है।




कुर्था प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुर्था कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम दिनेश यादव कुर्था प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कैफ जी, शंकर यादव, पुन्यदेव यादव,पप्पू यादव, सूर्यदेव यादव, सुरेंद्र यादव इस अवसर पर मौजूद रहे




जय भारत सत्याग्रह के तहत नुक्कड़ सभा आज कुर्था प्रखंड के बस स्टैंड में किया गया जिसकी अध्यक्षता राम विनय सिंह यादव राम विनय सिंह यादव ने किया। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आज राम विनय सिंह यादव ने केंद्र सरकार पर तीखा वार करते हुए तानाशाही सरकार और लोकतंत्र की हत्या करने वाली सरकार कहा जिस तरह से आप लोकतंत्र में किसी भी देश के विपक्ष नेताओं की आवाज बंद नही कर सकते हैं अवधेश के लोगों को जागना होगा और लोकतंत्र को बचाना होगा इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी प्रोफेसर मदन यादव, बंसी प्रखण्ड अध्यक्ष मोङ्क कैफ, निसार अख़्तर अंसारी संजय सिन्हा सुरेंद्र यादव लालमणि भारती अजीत कुमार रणधीर यादव शंकर यादव मुकेश कुमार बागेश शरमा, पप्पू कुमार, पुलेंडर कुमार, रामप्रवेश यादव सुर्देव यादव, सहजाद अंसारी समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए




जिला कांग्रेस कमेटी अरवल द्वारा कांग्रेस मुख्यालय श्रीकृष्ण आश्रम में आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव राव अम्बेडकर जी का 132 वी जयंती जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया. समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ धनंजय शर्मा ने उन्हें एक दुर्दशी नेता बताया जो बहुत आगे तक की सोच रखते थे. उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया जिसमें सब को समानता का अधिकार प्राप्त है परंतु खेद की बात है कि आज की मनुवादी सरकार बाबा साहब के संविधान को समाप्त करने की रास्ते पर चल रही है वर्तमान भारतीय सरकार मनुवादी संविधान लागू करना चाहती है जो देशहित में नहीं है जयंती समारोह में कोषाध्यक्ष एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी, संजय कुमार सिंहा, लालमणी भारती, अरूण कुमार भारती, उपेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे



**बाबा साहेब बहुजन के मार्गदर्शकः चन्द्रपोला सिंह यादव** कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बिहार प्रदेश सचिव चन्द्रपोला सिंह ने किया मल्यारपन और कहा कि बाबा साहेब के विना समाज और देश की विकास की सपना पूरा करना एक कल्पना मात्र था वहाँ उपस्थित तमाम लोगों ने उनकी भूरि भूरि पर्सशंसा किया वहा जिला सचिव वीरबहादु्र महतो, जिला महासचिव सुनील कुमार जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी के साथ सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही

# सत्ता पर आसीन हुक्मराह संविधान को कुचलने की नापाक कोशिश कर रहा हैं





दिनांक 14 अप्रैल 2023 को मुंगेर जिला कांग्रेस कमेटी तिलक मैदान में भारत रत्न संविधान निर्माता आदरणीय बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती वरिष्ठ कांग्रेस सेवादल आदरणीय डॉ देवराज सुमन सर जी की अध्यक्षता में डाक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी की जयंती को मनाया गया। वरिष्ठ भूतपूर्व प्रदेश महासचिव श्री ब्रह्मदेव चौरसिया जी, मुंगेर जिला अध्यक्ष राज कुमार मंडल जी, राम कुमार आजाद जी, विनोद कुमार मंडल जी, चंदन कुमार मंडल, बीके निराला, अशोक पासवान, विनायक सावरकर, सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, संजीत पासवान, अनिल प्रसाद सिंह, लक्ष्मीकांत गुप्ता, उमेश शर्मा, आशीष आनंद, अमरदीप जी, बैजनाथ ठाकुर, लक्ष्मीकांत गुप्ता, राम बाबू एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता की उपस्थिति में ।

## पटना। कांग्रेस दर्पण

संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर के 132वी जयंती पर विचार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सह अक्छउ सदस्य डाङ्क शशि सिंह के निर्देशन व प्रदेश समनवयक सह BPCC सदस्य अमित कुमार (बॉबी) के मार्गदर्शन में विचार विभाग बेगूसराय के द्वारा वाजितपुर वार्ड नं 45 में प्रिंस कुमार के अध्यक्षता में अंबेडकर के विचार को रखते हुए कहा कि आज के वक्त में जिस तरह से देश के सत्ता पर आसीन हुक्मराह संविधान को कुचलने की नापाक कोशिश कर रहा हैं , आज हमलोगो का दायित्व हैं की हम संविधान का रखवाली कर सके, संविधान बचा कर ही देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रख सकते हैं, वरना हालात ये हैं की संविधान विरोधी ताकत लोकतंत्र के अस्तित्व को मिटाना चाहता हैं, मौके पर मौजूद प्रबुद्ध कांग्रेसी सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि हमारा विचारधारा हमेशा से देश की एकता अखंडता को बचाए रखना का रहा हैं, मुल्क की लोकतंत्र को बचाने के लिए हम देश प्रेमी हर बलिदान देने को तैयार हैं, ताकि हमारा मुल्क फिर से विभाजन का दंश ना झेले, जावेद जाफरी ने कहा कि आज देश के दलित मुसलमानों के खिलाफ सत्ता दल साजिश कर रहा है, और धार्मिक उन्माद फैलाकर देश के माहौल को खराब करना चाहती हैं , लेकिन हम शुक्रगुजार हैं , उन महापुरूषों का जिन्होंने ने इस मुल्क के संविधान में हमे बराबरी का हक दिया, मौके पर कांग्रेस विचार विभाग बेगुसराय के जिला अध्यक्ष राम पदारथ यादव ने इस सभा में आए हुए सभी लोगो को मुबारकबाद दिया, मौके पर बलराम दास , रंजीत कुमार, प्रिंस कुमार , संबूज कुमार, नारायण सिंह , श्याम कुमार, बालेश्वर पासवान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता ने प्रण लिया की हम संविधान में आस्था रखने वाले लोग हैं, और संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित हैं,,,




दिनांक14अप्रैल2023को अपने गाँव बड़ी विषहर में डॉ आंबेडकर विचार मंच बड़ी विषहर के तत्वावधान में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिला कांग्रेस कमिटी पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष ,एवं सोशल मीडिया प्रभारी ने संबोधित करते हुए दलितों, पिछडो, किसानों, महिलाओं को संबैधानिक हक दिलाने वाले डॉ बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के बताये गए एवं2उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।श्री सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहेब के बताये तीन सूत्र पर चलकर हम अपने अपने शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक स्थिति में सम्बृधि ला सकते है।उनका तीन सूत्र है शिक्षित बनो, संगठित हो,और संघर्ष करो।उनके नक्से कदम पर चलना है और भारत के लोकतंत्र को बचाना है।बैठक को अंचल अधिकारी राकेश, थाना प्रभारी सतीश कुमार,मुखिया निज़ाम दुर्रानी, कैलाश दास, रूपेश कुमार ने भी संबोधित किया।तत्पश्चात भेड़ा मोड़, बौसी, एवं सनहोला भी सभा को संबोधित किया।मंच संचालन तुलसी दास जी ने किया।



राम कुमार आजाद जी का कहना हैं। भारत को संविधान देने वाले महान नेता डॉ. भीम राव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में हुआ था। डा. भीमराव अंबेडकर के पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का भीमाबाई था। अपने माता–पिता की चौदहवी संतान के रूप में जन्में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन्मजात प्रतिभा संपन्न थे। भीमराव अंबेडकर का जन्म महार जाति में हुआ था जिसे लोग अछूत और बेहद निचला वर्ग मानते थे। बचपन में भीमराव अंबेडकर (Dr.B R Ambedkar) के परिवार के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। भीमराव अंबेडकर के बचपन का नाम रामजी सकपाल था. अंबेडकर के पूर्वज लंबे समय तक ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्य करते थे और उनके पिता ब्रिटिश भारतीय सेना की मऊ छावनी में सेवा में थे. भीमराव के पिता हमेशा ही अपने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते थे।




भारतीय राज्यघटनेचे शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांच्या 132 व्या जयंती निमित्त गडचिरोली शहरात निघालेल्या विविध रॅलीचे गडचिरोली जिल्हा काँग्रेस च्या वतीने स्वागत करून, महप्रसादाचे वितरण करण्यात आले. यावेळी जिल्हाध्यक्ष महेंद्र ब्राम्हणवाडे, महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस महासचिव तथा जिल्हा प्रभारी डॉ. नामदेव किरसाण, माजी आमदार डॉ. नामदेव उसेंडी, शहर अध्यक्ष सतीश विधाते, अनुसूचित जाती सेल अध्यक्ष रजनीकांत मोटघरे, युवक काँग्रेस प्रदेश सचिव विश्व्जीत कोवासे, भावनाताई वानखेडे, अब्दुलभाई पंजवणी, सुरेश भांडेकर, हरबाजी मोरे, राकेश रत्नावार संजय चंने, जावेद खान, सह जिल्हा काँग्रेसचे इतर पदाधिकारी उपस्थित होते.